दिनांक 26 अगस्त, 2023

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ
प्रेस विज्ञप्ति

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ में स्थित मछलीघर पर दिनांक 26 अगस्त, 2023 को अपरान्ह् 12 बजे रंगीन मछलियों की बीमारी, पहचान और घरेलू निदान हेतु ''हैपी फिश हैपी हाबिष्ट'' अभियान की शुरुवात एंव जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्राणि उद्यान की निदेशिका श्रीमती अतिदि शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राणि उद्यान के उप निदेशक, डा0 उत्कर्ष शुक्ला, नेशनल ब्यूरो आफ फिश जेनिटिक रिसोर्सेस की वैज्ञानिक और एससीएसपी नोडल अधिकारी डा पूनम जयंत सिंह, मछली विशेषज्ञ श्री इन्द्रमणि राजा, प्राणि उद्यान के कर्मचारी तथा स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्राणि उद्यान की निदेशिका ने कहा कि ''हैपी फिश, हैपी हाबिष्ट'' रंगीन मछलियों की बीमारी, पहचांन और घरेलू उपचार हेतु कार्यक्रम, देश के किसी भी प्राणि उद्यान में होने वाला यह प्रथम जाकरूकता कार्यक्रम है। रंगीन मछलियों का शौक रखनें वालों के लिए यह कार्यक्रम मछलियों की बीमारियों के बारें में उनकी जानकारियों को बढ़ायेगा, जिससे जहां उनकी मछली स्वस्थ्य रहेगी वहीं वे अपने एक्वेरियम को कैमिकल फ्री बना सकेगें। उन्होंने कहा कि जू में आनें वाले विजिटर और फिश लवर के लिए एक पम्पलेट भी जारी किया गया है, जिसमें मछलियों की बीमारियों के बारे में जानकारी, उनके लक्ष्ण और उसका उपचार कैसे करें आदि सब लिखा है। जब हम मछलियां खरीदते है तो उस समय मछली स्वस्थ्य है या नही, इसका चयन कर पाना मुश्किल होता है, ऐसे में इस प्रकार की जानकारी फिश लवर को बहुत मदद करेंगी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सामान्य विजिटर और खास तौर पर बच्चों को मोम के कलर बाक्स, फैंसी पेसिंल पेन आदि का वितरण किया।

कार्यक्रम के दौरान नेशनल ब्यूरो आफ फिश जेनिटिक रिसोर्सेस की वैज्ञानिक और एससीएसपी नोडल अधिकारी डा0 पूनम जयंत सिंह ने कहा कि रंगीन मछलियों का चयन और उनके परिवार की जानकारी से शौक करनें वाले लोगों को बहुत सहायता मिलेगी। उन्होने जू के उक्त जागरुकता कार्यक्रम को मील का पत्थर बताया। ज्ञात हो कि डा0 पूनम एससीएसटी समूह और एसएसजी समूह की महिलाओं को रंगीन मछली के पालन और उसके व्यवसाय से जोड़ने का अनूठा प्रयास कर रही है।

(–ह0–)
(अदिति शर्मा)
निदेशक,
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान लखनऊ